**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**सूचना प्रौद्योगिकी विभाग**
**चेन्नई**

**निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)**

भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नई प्रतिष्ठित स्वामित्व वाली फर्मों/एजेंसियों से आईटी परिसंपत्तियों की सतह की सफाई में सिद्ध एवं अनुभवी फर्मों से निविदाएं आमंत्रित करता है। इस कार्य में कंप्यूटर सिस्टम (पीसी/लैपटॉप), प्रिंटर, स्कैनर, फोटोकॉपियर और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग इकाइयों की मासिक सतह सफाई शामिल है।

**2. कार्य का दायरा**

सफल बोलीदाता निम्नलिखित के लिए जिम्मेदार होगा:

**आवृत्ति**: प्रत्येक इकाई की सफाई महीने में एक बार।

**अवधि**: संविदा 01 जुलाई 2026 से 31 मार्च 2027 तक वैध रहेगा।

**कार्य पद्धति:**

सफाई, केवल बैंक के कार्यालयीन समय के दौरान की जानी चाहिए।

सफाई से पहले उपकरण को बंद/लॉक किया जाना चाहिए और कॉर्ड डिस्कनेक्ट किए जाने चाहिए।

पीसी मॉनिटर और लैपटॉप स्क्रीन की सफाई माइक्रोफाइबर कपड़ों का उपयोग करके की जानी चाहिए।

धूल हटाने के लिए रबर एयर ब्लोअर पंप का उपयोग किया जाना चाहिए।

**प्रतिबंध**: वार्षिक रखरखाव संविदा (एएमसी) विक्रेता के दायरे में हस्तक्षेप से बचने के लिए आंतरिक घटकों की सफाई के लिए कोई भी एन्क्लोजर या कवर नहीं खोला या हटाया जाएगा (प्रिंटर/स्कैनर को छोड़कर जहां आवश्यक हो)।

**सफाई एजेंट:** केवल कंप्यूटर सिस्टम के लिए उपयुक्त प्रतिष्ठित एजेंट (जैसे कोलिन, डेटॉल जर्म प्रोटेक्शन लिक्विड/सेनिटाइज़र, स्वाइप) का उपयोग किया जाएगा। जिद्दी दागों को हटाने के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए।

**रिकॉर्ड रखरखाव:** फर्म को प्रत्येक इकाई के लिए एक सेवा कार्ड बनाए रखना होगा, जिसमें प्रत्येक अवसर पर सफाई की पुष्टि करने के लिए उपयोगकर्ता/प्राधिकारी के हस्ताक्षर (आद्यक्षर) लिए जाएंगे।

**3. पात्रता मानदंड**

- बोलीदाता एक प्रतिष्ठित स्वामित्व वाली फर्म/एजेंसी होनी चाहिए जिसका पंजीकृत कार्यालय चेन्नई में हो।
- फर्म को महिलाओं का कार्यस्थल पर पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और रोकथाम) अधिनियम, 2013 के अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। फर्म को एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना होगा और बैंक परिसर में तैनात अपने कर्मचारियों से उत्पन्न होने वाली किसी भी शिकायत के लिए वह पूर्णतः जिम्मेदार होगी।
- फर्म को बैंक परिसर में तैनात कर्मचारियों की पूरी और अद्यतन सूची प्रदान करनी होगी।
- फर्म को बैंक के बुनियादी ढांचे, सिस्टम और उपकरण विवरणों के संबंध में सख्ती से गैर-प्रकटीकरण और गोपनीयता खंडों से सहमत होना होगा।

**4. वित्तीय निबंधन और भुगतान**

बोलीदाताओं को निम्नलिखित श्रेणियों के लिए प्रति इकाई दरें कोटेशन प्रस्तुत करनी होंगी:

| **क्र.सं.** | **विवरण** | ***आईटी परिसंपत्तियों की अनुमानित संख्या** | **प्रति इकाई दर (जीएसटी को छोड़कर)** |
|---|---|---|---|
| 1 | कंप्यूटर पीसी / लैपटॉप | 947 | |
| 2 | प्रिंटर / स्कैनर | 339 | |
| 3 | फोटो कॉपियर मशीन | 3 | |
| 4 | वीसी उपकरण, एलईडी टीवी और अन्य उपकरण आदि | - | |
| उल्लिखित दरें जीएसटी (वर्तमान में 18%) को छोड़कर हैं। सरकार द्वारा कर संरचना में कोई भी परिवर्तन यथा लागू होगा। *आईटी परिसंपत्तियों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है। | | | |

**बिलिंग**: बिल मासिक आधार पर सत्यापित सेवा कार्डों के साथ प्रस्तुत किए जा सकते हैं। बिलों के संसाधन हेतु सभी पहलुओं में पूर्ण दस्तावेज़ विक्रेता द्वारा प्रस्तुत करने के 15 दिनों के भीतर भुगतान कर दिया जाएगा।

**देयता (दायित्व):** स्वामित्व वाली फर्म अपने कर्मचारियों की लापरवाही के कारण क्षतिग्रस्त उपकरणों की मरम्मत के लिए या मरम्मत लागत वहन करने के लिए उत्तरदायी होगी। अपने कर्मचारियों के खिलाफ सिद्ध लैंगिक उत्पीड़न के मामलों में, फर्म किसी भी आवश्यक मौद्रिक मुआवजे के लिए जिम्मेदार होगी।

## 5. संविदा समाप्ति

कोई भी पक्ष तीन (03) महीने का पूर्व नोटिस देकर संविदा समाप्त कर सकता है।
यदि विक्रेता लगातार अपने दायित्वों/कर्तव्यों को निभाने में विफल रहता है, तो बैंक विक्रेता द्वारा क्षति/मुआवजे के किसी भी दावे के बिना 30 दिन के नोटिस के साथ संविदा समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

## 6. निविदा जमा करने की प्रक्रिया

निविदाएं एक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत की जानी चाहिए जिस पर "**आईटी परिसंपिपत्तियों की सतह की सफाई के लिए निविदा – डीआईटी कक्ष"** अंकित हो, या पासवर्ड संरक्षित पीडीएफ फाइल के माध्यम से ईमेल द्वारा **ditchennai@rbi.org.in** पर भेजी जानी चाहिए।

पता: क्षेत्रीय निदेशक, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, 16, राजाजी सालै, फोर्ट ग्लासिस, चेन्नई – 600001

**निविदा अनुसूची**

| | |
|---|---|
| क. कार्य का नाम: | भारतीय रिजर्व बैंक, चेन्नई में आईटी परिसंपत्तियों की सतह की सफाई। |
| ख. अवधि: | 01 जुलाई 2026 से 31 मार्च 2027 तक |
| ग. निविदा का तरीका: | सीलीबंद कोटेशन या ईमेल के माध्यम से पासवर्ड संरक्षित पीडीएफ फाइल। |
| घ. तारीख और समय जब तक निविदा आमंत्रण सूचना (NIT) पक्षकारों द्वारा डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध होगी: | 23 जून 2026, शाम 4:00 बजे। |
| ङ. कार्य की अनुमानित लागत: | **₹3.5 लाख (रुपये तीन लाख पचास हजार) (सभी कर सहित)।** |
| च. मूल्य बोली जमा करने की प्रारंभ तिथि और समय: | 23 जून 2026, शाम 4:00 बजे। |
| छ. मूल्य बोली जमा करने के लिए निविदा समाप्त होने की तिथि और समय: | **29 जून 2026, सुबह 11:00 बजे।** |
| ज. ईमेल के माध्यम से पीडीएफ फाइल का पासवर्ड साझा करने की तिथि: | 29 जून 2026 सुबह 11:01 बजे से दोपहर 02:59 बजे तक। |

| | |
|---|---|
| झ. निविदा खोलने की तिथि और समय: | **29 जून 2026, दोपहर 3:00 बजे।** |
| ञ. कार्य आदेश जारी करना / संविदा प्रदान करना: | **30 जून 2026 को या उससे पहले।** |

**7. अधिकार क्षेत्र:**

इस करार से उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद पर न्याय निर्धारित करने के लिए केवल चेन्नई के न्यायालयों का अधिकार क्षेत्र होगा। यदि कोई मध्यस्थता कार्यवाही होती है, तो वह भी चेन्नई के न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र के अधीन होगी।

**8. गोपनीयता:**

ठेकेदार को बैंक के बुनियादी ढांचे या प्रणालियों से संबंधित कोई भी जानकारी किसी तीसरे पक्ष को प्रकट नहीं करनी चाहिए। गोपनीयता का उल्लंघन संविदा के उल्लंघन के रूप में माना जाएगा, जिससे बैंक को क्षति का दावा करने और कानूनी उपचार करने का अधिकार होगा। यह दायित्व करार की समाप्ति या समापन के बाद भी बने रहेंगे।

**9.** चयनित बोलीदाता को इन्वाय्स प्रस्तुत करने से पूर्व आवश्यक स्टाम्प पेपर पर द्विभाषी (अंग्रेजी और हिंदी) रूप में करार का निष्पादन करना होगा। करार को पंजीकृत करने के लिए यदि कोई स्टाम्प शुल्क/प्रभार होता है, तो वह बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा। करार भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्दिष्ट प्रारूप में होगा।

**10. सभी निविदा शर्तों का अनुपालन करने वाली सबसे कम कोट की गई मूल्य प्रस्तुत करने वाले बोलीदाता को संविदा प्रदान करने के लिए चुना जाएगा।**

**नोट**: बैंक सबसे कम निविदा को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और किसी भी निविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बैंक बिना कोई कारण बताए सभी निविदाओं को खारिज करने का भी अधिकार सुरक्षित रखता है।
विक्रेताओं को अनुदेशों के अनुसार, सभी निबंधन और शर्तों को पूरा करते हुए, 29 जून 2026 को सुबह 11:00 बजे तक अपनी बोलियां प्रस्तुत करनी चाहिए। मूल्य बोलियां 29 जून 2026 को दोपहर 03:00 बजे भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नई में खोली जाएंगी। इच्छुक विक्रेता बोलियां खोलते समय या तो व्यक्तिगत

रूप से या वेबेक्स के माध्यम से भाग ले सकते हैं (लिंक बोलियां खोलने से पहले साझा किया जाएगा)। यदि उपरोक्त बताई गई किसी तिथि को अवकाश घोषित किया जाता है, तो संबंधित उद्देश्य के लिए अगला कार्य दिवस लागू होगा।

क्षेत्रीय निदेशक
भारतीय रिज़र्व बैंक
16, राजाजी सालै, फोर्ट ग्लासिस
चेन्नई - 600 001